Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET PAPER 3 NOVEMBER 05, 2017 SHIFT 1 SOCIOLOGY QUESTION PAPER

Note : This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

1. Who among the following has given the structural view of society ?
   (1) Durkheim (2) Giddings (3) Mac Iver (4) Cooley

2. Melancholia is popularly known as :
   (1) Dementia (2) Mental retardation
   (3) Depression (4) Anxiety

3. Who among the following has developed the concept of 'inferiority complex" ?
   (1) Mashalow (2) Adler (3) Cattel (4) Cyril Butt

4. According to H.B. Trecker which one of the following is wanted by each individual and social group worker should be aware of it ?
   (1) Help (2) Support (3) Assistance (4) Recognition

5. Non-confirmity to a set of norms is known as :
   (1) Crime (2) Habit
   (3) Deviance (4) Juvenile Delinquency

6. Allocation of roles and status to members in a group is known as :
   (1) Cohesion (2) Control (3) Confrontation (4) Structuring

7. Social change as a socio-cultural concept implies :
   (1) Little structural continuity
   (2) Absoluteness rather than relativity
   (3) Abrupt change
   (4) Sufficient continuity in the structure of a society

www.prepp.in

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी प्रश्न अनिवार्य** हैं।

1. निम्नलिखित में से किसने समाज के संरचनात्मक दृष्टिकोण का प्रतिपादन किया था ?
   (1) दुर्खीम (2) गिडिंग्स (3) मैक आइवर (4) कूले

2. मेलनकोलिया को सामान्यत: किस नाम से जाना जाता है ?
   (1) डिमेंशिया (2) मानसिक मंदन
   (3) अवसाद (4) चिंता

3. निम्नलिखित में से किसने हीनभावना (इन्फीरियोरिटी कॉम्प्लैक्स) की अवधारणा को विकसित किया ?
   (1) मैशलो (2) एडलर (3) केटल (4) सिरिल बट

4. एच.बी. ट्रेकर के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को निम्नलिखित में से किसकी आवश्यकता पड़ती है तथा सामाजिक समूह कार्यकर्ता को इसकी जानकारी होनी चाहिए ?
   (1) मदद (2) समर्थन (3) सहायता (4) मान्यता

5. नियमों का अनुपालन न करने को क्या कहा जाता है ?
   (1) अपराध (2) आदत
   (3) विचलन (4) बाल अपराध

6. एक समूह में सदस्यों को दी गई भूमिका तथा दर्जे को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है ?
   (1) संसक्ति (2) नियंत्रण
   (3) टकराव (4) संरचनीकरण (स्ट्रक्चरिंग)

7. सामाजिक-सांस्कृतिक अवधारणा के रूप में सामाजिक परिवर्तन में क्या अंतर्निहित होता है ?
   (1) कुछ संरचनात्मक सततता
   (2) सापेक्षता की बजाय संपूर्णता
   (3) अप्रत्याशित परिवर्तन
   (4) एक समाज की संरचना में पर्याप्त सततता

www.prepp.in

8. __________ is the marriage of a man with the childless widow of his deceased brother.
(1) Levirate (2) Sororate
(3) Sororal Polygyny (4) Polygyny

9. Human Resources are the most important only, if they have :
(1) Large population (2) Primary education
(3) Skill and training (4) Inter-group relationships

10. The Indecent Representation of Woman (Prohibition) Act was passed in :
(1) 1983 (2) 1984 (3) 1985 (4) 1986

11. Who was the Chairperson of the 'All India Committee on Prison Reforms, 1980-83' ?
(1) Justice A.N. Mulla (2) Justice M.N. Venkatachalaiah
(3) Justice A.S. Anandh (4) Justice V.R. Krishna Iyyer

12. What does the term 'Electra Complex' denote ?
(1) Over attachment with father (2) Over attachment with mother
(3) Over attachment with brother (4) Over attachment with sister

13. Consider the following statements.
(a) Promote measures for securing and preserving good relations between the employers and workmen
(b) Duty to comment upon matters of common interest or concern of employers and workmen
(c) Compose any material difference of opinion or concern between employers and workmen

The above are the duties of which Committee :
(1) Complaint Committee (2) Works Committee
(3) Court of Enquiry (4) Welfare Committee

14. Under Juvenile Justice Act, the observation home is mainly meant for :
(a) Thrown away children (b) Children in conflict with law
(c) Run away children (d) Children whose cases are pending

**Code :**
(1) (a), (b) and (c) only (2) (b) and (d) only
(3) (c) and (d) only (4) (a) and (c) only

8. अपने मृत भाई की संतानहीन विधवा के साथ एक व्यक्ति का विवाह कहलाता है।

(1) लेविरेट (2) सोरोरेट

(3) सोरोरल पॉलीजिनी (4) पॉलीजिनी

9. मानव संसाधन केवल तभी सर्वाधिक महत्वपूर्ण होते हैं जब उनके पास :

(1) बड़ी जनसंख्या हो (2) प्राथमिक शिक्षा हो

(3) कौशल एवं प्रशिक्षण हो (4) अन्तर-समूह संबंध हों

10. महिलाओं का अश्लील प्रतिनिधित्व (प्रतिषेध) अधिनियम कब पारित किया गया था ?

(1) 1983 में (2) 1984 में (3) 1985 में (4) 1986 में

11. 1980-83 के दौरान कौन 'अखिल भारतीय जेल सुधार समिति' का अध्यक्ष था ?

(1) न्यायमूर्ति ए.एन. मुल्ला (2) न्यायमूर्ति एम.एन. वेंकटचल्लैया

(3) न्यायमूर्ति ए.एस. आनंद (4) न्यायमूर्ति वी.आर. कृष्ण अय्यर

12. 'इलैक्ट्रा कॉम्प्लैक्स' शब्द का क्या अर्थ है ?

(1) पिता के साथ अधिक लगाव (2) माता के साथ अधिक लगाव

(3) भाई के साथ अधिक लगाव (4) बहन के साथ अधिक लगाव

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(a) नियोक्ताओं तथा कामगारों के बीच अच्छे संबंध बनाने तथा उन्हें बनाए रखने के लिए उपायों को बढ़ावा देना

(b) नियोक्ताओं तथा कामगारों के साझा हित अथवा चिंता संबंधी मामलों पर टिप्पणी करने का कर्त्तव्य (दायित्व)

(c) नियोक्ताओं तथा कामगारों के बीच किसी मुख्य मतभेद अथवा चिंता को नोट करना

उपरोक्त किस समिति के कर्त्तव्य हैं ?

(1) शिकायत समिति (2) वर्क्स कमेटी

(3) कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी (4) कल्याण समिति

14. किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत पर्यवेक्षण गृह निम्नलिखित में से मुख्यत: किसके लिए होता है ?

(a) फेंके हुए बच्चे (b) कानून के साथ संघर्षरत बच्चे

(c) घर से भागे हुए बच्चे (d) ऐसे बच्चे, जिनके मामले लंबित हैं

**कूट :**

(1) केवल (a), (b) और (c) (2) केवल (b) और (d)

(3) केवल (c) और (d) (4) केवल (a) और (c)

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

15. In whose opinion mental illness is a myth and infact problems of living :

(1) George Simmel (2) C.E. Murray
(3) Thomas Szasz (4) E.L. Brown

16. Which one of the following programmes was **not** part of social security system based on Beveridge report ?

(1) Social Insurance (2) Public Assistance
(3) Family Allowance (4) Allowance to handicapped

17. Malimath Committee is related to :

(1) Reforms of criminal justice system
(2) Centre-state relations
(3) Electoral reforms
(4) Recognition of states

18. When the dependent variable is **not** free from the influence of extraneous variable(s), the relationship between dependent and independent variables is known as :

(1) Confounded relationship
(2) Cause and effect relationship
(3) Product and producer relationship
(4) Controlled relationship

19. Which one of the following is a method of laboratory research ?

(1) Play and role analysis (2) Participant observation
(3) Analysis of documents (4) Focussed interview

20. Which of the following is a machinery for settlement of industrial disputes in India ?

(1) Indian Labour Conference (2) Joint Management Council
(3) Industrial Tribunal (4) Standing Labour Committee

21. What does the term 'dipsomania' mean ?

(1) Compulsive physical abuse (2) Compulsive alcohol consumption
(3) Compulsive speed driving (4) Compulsive pool diving from heights

Prepp
Your Personal Exams Guide

15. निम्नलिखित में से किसका विचार है कि मानसिक रोग एक मिथक है और वस्तुत: यह जीवन की समस्याएं हैं?

(1) जॉर्ज सिमेल (2) सी.ई. मरे
(3) थामस साज़ (4) ई.एल. ब्राउन

16. बेवरिज रिपोर्ट के आधार पर निम्नलिखित में कौन-सा कार्यक्रम सामाजिक सुरक्षा प्रणाली का हिस्सा **नहीं** है?

(1) सामाजिक बीमा (2) सरकारी सहायता
(3) पारिवारिक भत्ता (4) विकलांगों के लिए भत्ता

17. मलिमथ कमेटी निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(1) अपराधिक न्याय प्रणाली के सुधार
(2) केन्द्र-राज्य संबंध
(3) चुनाव सुधार
(4) राज्यों को मान्यता प्रदान करना

18. जब आश्रित चर बाह्य चर (चरों) के प्रभाव से मुक्त **नहीं** होता है तो आश्रित चरों और स्वतंत्र चरों के बीच का संबंध निम्नलिखित में से क्या कहलाता है?

(1) अव्यवस्थित (कन्फाउन्डेड) संबंध
(2) कारण और प्रभाव संबंध
(3) उत्पाद और उत्पादक संबंध
(4) नियंत्रित संबंध

19. निम्नलिखित में से कौन-सी एक प्रयोगशाला अनुसंधान की विधि है?

(1) खेल और भूमिका विश्लेषण (2) सहभागियों का अवलोकन
(3) दस्तावेजों का विश्लेषण (4) केन्द्रित साक्षात्कार

20. निम्नलिखित में से क्या भारत में औद्योगिक विवादों के निपटारे संबंधी तंत्र है?

(1) भारतीय श्रम सम्मेलन (2) संयुक्त प्रबंधन परिषद
(3) औद्योगिक न्यायाधिकरण (4) स्थायी श्रम समिति

21. 'डिप्सोमेनिया' शब्द का क्या अर्थ है?

(1) अत्यधिक शारीरिक शोषण (2) अत्यधिक अल्कोहल उपभोग
(3) अत्यधिक तेज गति से वाहन चलाना (4) अत्यधिक ऊंचाई से पूल में छलांग लगाना

Prepp
Your Personal Exams Guide

22. Which among the following School of thought used the concept of social disorganisation in explaining juvenile delinquency ?
(1) Classical School
(2) Positive School
(3) Chicago School
(4) London School

23. Who is the author of the book "Pattern of culture" ?
(1) Ruth Benedict (2) G.W. Allport (3) Kimball Young (4) M.N. Srinivas

24. Which among the following authority is empowered to grant probation to an offenders ?
(1) Police officer (2) Prosecution (3) Prison authority (4) Court of law

25. Which among the following Indian States has the largest number of 'open prisons' ?
(1) Maharashtra (2) Punjab (3) Rajasthan (4) Tamil Nadu

26. Fundamental Interpersonal Relations Orientation (FIRO) was developed by :
(1) Cooley (2) Bales (3) William Schutz (4) Helariko

27. Shaping relations between individuals to facilitate action creates :
(1) Social capital
(2) Economic capital
(3) Human capital
(4) Individual capital

28. Device of assessing interpersonal attraction, rejection and power is known as :
(1) Counselling (2) Case work (3) Consciousness (4) Sociometry

29. The term "Factory" is defined in Section ______ of the Factories Act 1948.
(1) 2 (s) (2) 2 (p) (3) 2 (v) (4) 2 (m)

30. What shall be the proportion of women amongst the members appointed in the Advisory Committee formed under the Equal Remunation Act 1976 ?
(1) One-Fourth (2) One-Half (3) One-Third (4) Full-100%

31. Statutory right of re-employment remains in case of :
(1) Dismissed worker
(2) Retired worker
(3) Suspended worker
(4) Retrenched worker

Prepp
Your Personal Exams Guide

22. निम्नलिखित में से किस विचारधारा में बाल अपराध की व्याख्या करते समय सामाजिक विघटन की अवधारणा का प्रयोग किया गया है?
    (1) क्लासिकी विचारधारा (2) सकारात्मक विचारधारा
    (3) शिकागो विचारधारा (4) लंदन विचारधारा

23. "पैटर्न ऑफ़ कल्चर" पुस्तक का लेखक कौन है?
    (1) रूथ बेनेडिक्ट (2) जी.डब्ल्यू. ऑलपोर्ट (3) किमबॉल यंग (4) एम.एन. श्रीनिवास

24. निम्नलिखित में से किस अधिकारी को एक अपराधी को प्रोबेशन प्रदान करने का अधिकार प्राप्त है?
    (1) पुलिस अधिकारी (2) अभियोजन (3) जेल प्राधिकारी (4) न्यायालय

25. निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में सबसे अधिक 'खुले कारागार' हैं?
    (1) महाराष्ट्र (2) पंजाब (3) राजस्थान (4) तमिलनाडु

26. निम्नलिखित में से किसने फंडामेंटल इंटरपर्सनल रिलेशन्स ओरिएन्टेशन (एफ.आई.आर.ओ.) विकसित किया था?
    (1) कूली (2) बेल्स (3) विलियम शुट्ज़ (4) हेलारिको

27. क्रिया हेतु व्यक्तियों के बीच संबंध विकसित करने से निम्नलिखित में से किसका सृजन होता है?
    (1) सामाजिक पूंजी (2) आर्थिक पूंजी
    (3) मानव पूंजी (4) व्यक्तिगत पूंजी

28. पारस्परिक आकर्षण, अस्वीकार्यता तथा शक्ति का आकलन करने की क्रिया को क्या कहा जाता है?
    (1) काउंसलिंग (2) केस अध्ययन (3) चेतना (4) समाजमिति

29. कारखाना अधिनियम 1948 की धारा में 'कारखाना' शब्द को परिभाषित किया गया है।
    (1) 2 (s) (2) 2 (p) (3) 2 (v) (4) 2 (m)

30. समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 के अंतर्गत गठित सलाहकार समिति में नियुक्त सदस्यों में महिलाओं का अनुपात कितना होना चाहिए?
    (1) एक चौथाई (2) आधा (3) एक तिहाई (4) पूर्ण - 100%

31. पुन: रोजगार का सांविधिक अधिकार निम्नलिखित में से किसके मामले में होता है?
    (1) बर्खास्त कामगार (2) सेवानिवृत्त कामगार
    (3) निलंबित कामगार (4) छँटनी किया गया कामगार

Prepp
Your Personal Exams Guide

32. The concept of 'Job enrichment' was given by :

(1) John Bratton (2) F.W. Taylor (3) Herzberg (4) Jeffrey Gold

33. Which one of the following countries is **not** a part of the "Golden Crescent", Known for narcotic production and supply ?

(1) Afghanistan (2) Pakistan (3) Kazakhstan (4) Iran

34. Regression analysis is done to measure :

(1) difference between variables (2) correlation between variables

(3) association between variables (4) corresponding change in variables

35. The first study of 'family tree' examining hereditory aspects of criminal tendency was conducted in ________ .

(1) England (2) France (3) Germany (4) USA

36. Graphical representation of manpower in an organisation is called as :

(1) Replacement chart (2) Placement chart

(3) Manpower inventory (4) Organisational structure

37. In which pictorial technique a set of pictures is shown to respondents for enquiring their description about their thinking for representation of pictures ?

(1) Rosenzweig Test (2) Thematic Apperception Test

(3) Rorschach Test (4) Holtzman Inkblot Test

38. The present problem is mainly seen in terms of past events and experiences in :

(1) Clinical diagnosis (2) Etiological diagnosis

(3) Social diagnosis (4) Dynamics diagnosis

39. Who among the following is eligible for the appointment as the Chairman of the National Human Rights Commission in India ?

(1) Former Chief Justices of High Courts

(2) Sitting Chief Justices of High Courts

(3) Former Chief Justice of Supreme Court

(4) Former Justices of Supreme Court

32. 'रोजगार संवर्धन' (जॉब एनरिचमेंट) की अवधारणा किसने दी ?

(1) जॉन ब्रैटन (2) एफ.डब्ल्यू. टेलर (3) हर्ज़बर्ग (4) जैफरी गोल्ड

33. निम्नलिखित में से कौन-सा देश मादक पदार्थों के उत्पादन और आपूर्ति के लिए जाने जाने वाले "गोल्डन क्रेसेन्ट में शामिल **नहीं** है ?

(1) अफगानिस्तान (2) पाकिस्तान (3) कज़ाखस्तान (4) ईरान

34. निम्नलिखित में से किसका मापन करने के लिए प्रतिगमन विश्लेषण किया जाता है ?

(1) चरों के बीच अन्तर
(2) चरों के बीच सहसंबंध
(3) चरों के बीच साहचर्य
(4) चरों में तदनुरूप परिवर्तन

35. निम्नलिखित में से किस देश में आपराधिक प्रवृत्ति के आनुवंशिक पहलुओं की जाँच करने के लिए 'वंश वृक्ष' का पहला अध्ययन किया गया था ?

(1) इंग्लैण्ड (2) फ्रांस (3) जर्मनी (4) अमेरिका

36. किसी संगठन में जन शक्ति का ग्राफ द्वारा निरूपण करना क्या कहलाता है ?

(1) रिप्लेसमेंट चार्ट
(2) प्लेसमेंट चार्ट
(3) मेनपावर इन्वेंटरी
(4) ऑर्गेनाइजेशनल स्ट्रक्चर

37. निम्नलिखित में से कौन-सी चित्रात्मक तकनीक में उत्तरदाताओं को चित्रों की एक शृंखला दिखाई जाती है और उनकी सोच को जानने के लिए उन चित्रों का वर्णन करने के लिए कहा जाता है ?

(1) रोजेनज्वाईग परीक्षण
(2) कथानक संप्रत्यक्षण परीक्षण
(3) रॉर्शोक परीक्षण
(4) होल्जमेन स्याही धब्बा परीक्षण

38. निम्नलिखित में से किसमें वर्तमान समस्या को मुख्यत: अतीत की घटनाओं और अनुभवों की दृष्टि से देखा जाता है ?

(1) नैदानिक निदान
(2) हेतुवैज्ञानिक निदान
(3) सामाजिक निदान
(4) गतिकी निदान

39. भारत में निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के लिए पात्र होता है ?

(1) उच्च-न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश
(2) उच्च-न्यायालयों के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश
(3) उच्चतम न्यायालय का पूर्व मुख्य न्यायाधीश
(4) उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

40. The idea that humans have mental conflicts because of desires and energies that are repressed into the unconscious is propounded by :

(1) Skinner (2) Michel Milken (3) Sigmund Freud (4) Eric Berne

41. Who has postulated the concept that delinquency and crime are learnt in companionship group ?

(1) Merton (2) Sutherland (3) Erickson (4) Parsons

42. "Studying the influence of counselling services on the functioning of couples with marital disharmony"- is an example of :

(1) Retrospective-prospective study design

(2) Retrospective study design

(3) Correlational studies

(4) Prospective study design

43. Employees Provident Fund and Miscellaneous Provisions Act, 1952 **does not** cover :

(1) Injury compensation (2) Pension

(3) Deposit-linked-insurance (4) Provident fund

44. According to Robins, major function(s) of communication in a group is/are :

(a) Control

(b) Motivation

(c) Emotional expression and information

Find the answer from code given below :

**Code :**

(1) (a) only (2) (a) and (c) only

(3) (a) and (b) only (4) (a), (b) and (c)

www.prepp.in

40. यह विचार किसने प्रतिपादित किया था कि अचेतन मन में दमित इच्छाओं और ऊर्जाओं के कारण मनुष्यों में मानसिक द्वन्द्व होता है ?

(1) स्किनर (2) माइकल मिल्केन (3) सिगमंड फ्रायड (4) एरिक बर्न

41. निम्नलिखित में से किसने इस अवधारणा को अभिगृहीत किया है कि अपचार और अपराध मित्रमण्डली में सीखे जाते हैं ?

(1) मर्टन (2) सदरलैण्ड (3) ऐरिकसन (4) पार्सन्स

42. "वैवाहिक जीवन में असामंजस्य वाले युगलों के क्रियाकलापों पर परामर्श सेवाओं के प्रभाव का अध्ययन" निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है ?

(1) भूतलक्षी-भविष्यलक्षी अध्ययन अभिकल्प

(2) भूतलक्षी अध्ययन अभिकल्प

(3) सहसंबंधात्मक अध्ययन

(4) भविष्यलक्षी अध्ययन अभिकल्प

43. कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 निम्नलिखित में से क्या अच्छादित **नहीं** करता है ?

(1) चोट का मुआवजा (2) पेंशन

(3) डिपोजिट-लिंक्ड बीमा (4) भविष्य निधि

44. रॉबिन्स के अनुसार एक समूह में संवाद का/के प्रमुख कार्य क्या हैं ?

(a) नियंत्रण

(b) प्रेरणा

(c) भावाभिव्यक्ति एवं जानकारी

नीचे दिए गए कूट की सहायता से उत्तर दीजिए :

**कूट :**

(1) केवल (a) (2) केवल (a) और (c)

(3) केवल (a) और (b) (4) (a), (b) और (c)

Prepp
Your Personal Exams Guide

45. 360 degree appraisal system is done by :
(a) Supervisors and peers
(b) Peers and subordinates
(c) Supervisors, peers and subordinates
(d) Supervisors, peers, subordinates and clients
Find the answer from the code given below :
**Code :**
(1) (a) only
(2) (a) and (b) only
(3) (a), (b) and (c) only
(4) (a), (b), (c) and (d)

46. Bio-medical concept of health envisages health as :
(a) Absence of malnutrition
(b) Absence of medicine intake
(c) Absence of disease
(d) Absence of problems
Find the answer from the code given below :
**Code :**
(1) (a) only
(2) (c) only
(3) (a), (b) and (d) only
(4) (d) only

47. Which of the following is/are objectives of Beti Bachao and Beti Padhao Programme ?
(a) Prevent gender biased sex selective elimination
(b) Ensure survival and protection of girl child
(c) Ensure education of the girl child
(d) Ensure proper nutrition for girl child
Find answer from the code given below :
**Code :**
(1) (a) and (d) only
(2) (a), (b) and (c) only
(3) (b) and (d) only
(4) (a), (b), (c) and (d)

48. **Assertion (A) :** Community engagement is not needed for higher educational institutions.
**Reason (R) :** There is no accountability of higher educational institutions toward community.
In the context of two statements, which one of the following is correct ?
**Code :**
(1) Both (A) and (R) are correct.
(2) Both (A) and (R) are not correct.
(3) (A) is correct but (R) is not correct.
(4) (A) is not correct but (R) is correct.

Prepp Your Personal Exam Guide

45. निम्नलिखित में से किसके द्वारा 360 डिग्री की मूल्यांकन प्रणाली अपनाई जाती है?
(a) पर्यवेक्षक तथा समकक्ष
(b) समकक्ष तथा अधीनस्थ
(c) पर्यवेक्षक, समकक्ष तथा अधीनस्थ
(d) पर्यवेक्षक, समकक्ष, अधीनस्थ तथा ग्राहक/सेवार्थी (क्लाइंट्स)
नीचे दिए गए कूट की सहायता से उत्तर दीजिए :
**कूट :**
(1) केवल (a) (2) केवल (a) और (b)
(3) केवल (a), (b) और (c) (4) (a), (b), (c) और (d)

46. स्वास्थ्य संबंधी जैव-चिकित्सकीय अवधारणा में स्वास्थ्य की निम्नलिखित किस रूप में संकल्पना की गई है?
(a) कुपोषण का न होना (b) औषधियों का सेवन न करना
(c) रोग न होना (d) समस्याओं का न होना
नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर दीजिए :
**कूट :**
(1) केवल (a) (2) केवल (c)
(3) केवल (a), (b) और (d) (4) केवल (d)

47. निम्नलिखित में से क्या बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का/के उद्देश्य हैं?
(a) लिंग आधारित हत्या रोकना
(b) बालिका शिशु की उत्तरजीविता तथा सुरक्षा सुनिश्चित करना
(c) बालिका शिशु की शिक्षा सुनिश्चित करना
(d) बालिका शिशु हेतु उपयुक्त पोषाहार सुनिश्चित करना
नीचे दिए गए कूट की सहायता से उत्तर दीजिए :
**कूट :**
(1) केवल (a) और (d) (2) केवल (a), (b) और (c)
(3) केवल (b) और (d) (4) (a), (b), (c) और (d)

48. **अभिकथन (A) :** उच्च शिक्षा संस्थाओं के लिए समुदाय संपर्क की आवश्यकता नहीं है।
**तर्क (R) :** उच्च शिक्षा संस्थाओं की समुदाय के प्रति कोई जवाबदेही नहीं है।
उपरोक्त दो कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?
**कूट :**
(1) (A) और (R) दोनों सही हैं।
(2) (A) और (R) दोनों गलत हैं।
(3) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।
(4) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

49. **Assertion (A) :** In India, a large percentage of women cannot take decision independently not even related to their own life.

**Reason (R) :** In India, a large percentage of women do not have political power.

In the context of two statements which one of the following is **correct** ?

Code :

(1) Both (A) and (R) are correct and (R) is not the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(3) Both (A) and (R) are false.

(4) (A) is true but (R) is false.

50. **Assertion (A) :** Workers' participation in management results in industrial democracy.

**Reason (R) :** Workers' education programme does not encourage the participation of workers'.

From the two statements, which one of the following is **correct** ?

Code :

(1) Both (A) and (R) are true.

(2) Both (A) and (R) are false.

(3) (A) is true and (R) is false explanation of (A).

(4) (A) is true and (R) is right explanation of (A).

51. **Assertion (A) :** Fast growing up migration and mobility are causing social disorganisation, juvenile delinquency and crime.

**Reason (R) :** Migrants are all the time concerned with their survival and accept few social responsibilities.

In the context of two statements, which one of the following is **correct** ?

Code :

(1) (A) is correct and (R) is wrong.

(2) (A) and (R) are correct.

(3) (A) is wrong and (R) is correct.

(4) Both (A) and (R) are wrong.

49. **अभिकथन** (A) : भारत में ऐसी महिलाओं का प्रतिशत बहुत अधिक है जो स्वतंत्र रूप से निर्णय नहीं ले पातीं, यहाँ तक कि स्वयं अपने जीवन के बारे में भी।

**तर्क** (R) : भारत में बड़े प्रतिशत में महिलाओं के पास राजनीतिक शक्ति नहीं है।

इन दोनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **सही** है?

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

(3) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

(4) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।

50. **अभिकथन** (A) : प्रबंधन में कामगारों की भागीदारी के परिणामस्वरूप औद्योगिक लोकतंत्र की स्थापना होती है।

**तर्क** (R) : कामगार शिक्षा कार्यक्रम कामगारों की भागीदारी को प्रोत्साहित नहीं करता।

इन दोनों कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **सही** है?

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं।

(2) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

(3) (A) सही है और (R), (A) की गलत व्याख्या है।

(4) (A) सही है और (R), (A) की सही व्याख्या है।

51. **अभिकथन** (A) : तेजी से बढ़ते पलायन और गतिशीलता के फलस्वरूप सामाजिक विघटन, बाल अपराध और अपराध हो रहे हैं।

**तर्क** (R) : प्रवासियों को हमेशा अपनी उत्तरजीविता की चिंता रहती है और वे बहुत कम सामाजिक जिम्मेदारियां स्वीकार करते हैं।

उपरोक्त दो कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा **सही** है?

**कूट :**

(1) (A) सही है और (R) गलत है।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं।

(3) (A) गलत है और (R) सही है।

(4) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

52. **Assertion (A) :** After the demise of feudalism, those in poverty were seen as a direct threat to the Social order, so the government formed the poor law and created an organised system to provide care to them.

**Reason (R) :** Rescue societies were initiated to provide support to resolve the problems of poverty, disease, prostitution, mental illness and other afflictions during $19^{th}$ century.

In the context of two statements, which one of the following is **correct** ?

**Code :**

(1) (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(2) (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is correct and (R) is not correct.
(4) (A) is not correct and (R) is correct.

53. **Assertion (A) :** Early childhood emotions are intense with frequent emotional out bursts.

**Reason (R) :** Emotions are associated with tempertantrums, intense fears or Jealousies.

In the context of the two statements, which one of the following is **correct** ?

(1) Both (A) and (R) are not correct.
(2) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(3) Both (A) and (R) are correct and (R) is not the correct explanation of (A).
(4) (A) is correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

54. Identify the **correct** order of actions in Disaster Management Strategy :

(1) Alarming, Preparedness, Rescue, Relief, Rehabilitation
(2) Preparedness, Alarming, Rescue, Relief, Rehabilitation
(3) Preparedness, Rescue, Alarming, Relief, Rehabilitation
(4) Rescue, Preparedness, Alarming, Relief, Rehabilitation

55. Which one of the following pairs is **not** correctly matched ?

(1) Person-in-situation – Hollis
(2) Problem Solving – Hamilton
(3) In Sight Learning Theory – Kohler
(4) Trial and Error Learning Theory – Erich Fromm

56. Identify the **correct** chronological order according to their dates of celebration in a year :

(1) World Cancer Day, World Environment Day, World Blood Donor Day, International Day of Elders
(2) World Environment Day, World Cancer Day, World Blood Donor Day, International Day of Elders
(3) World Blood Donor Day, World Cancer Day, World Environment Day, International Day of Elders
(4) International Day of Elders, World Cancer Day, World Environment Day and World Blood Donor Day

www.prepp.in

52. **अभिकथन** (A) : सामंतवाद के समाप्त होने के पश्चात गरीब लोगों को सामाजिक व्यवस्था के लिए सीधे खतरे के तौर पर देखा जाता था, इसलिए सरकार ने गरीबों के लिए कानून बनाया और उनकी देखभाल हेतु एक संगठित प्रणाली तैयार की।

**तर्क** (R) : 19 वीं शताब्दी के दौरान गरीबी, रोगों, वेश्यावृत्ति, मानसिक रोगों तथा अन्य पीड़ाओं से मुक्ति दिलाने के लिए बचाव सोसाइटियां प्रारंभ की गई।

उपरोक्त दोनों कथनों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा **सही** है ?

**कूट :**

(1) (A) और (R) सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(2) (A) और (R) सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(3) (A) सही है और (R) गलत है।
(4) (A) गलत है और (R) सही है।

53. **अभिकथन** (A) : पूर्व बाल्यावस्था में संवेग बार-बार आने वाले संवेगात्मक आवेगों सहित तीव्र होते हैं।

**तर्क** (R) : संवेग क्रोधावेश, अत्यधिक भय या ईर्ष्या से संबंधित होते हैं।

उपरोक्त दो कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा **सही** है ?

(1) (A) और (R) दोनों गलत हैं।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(3) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(4) (A) सही है, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

54. निम्नलिखित में से आपदा प्रबंधन रणनीति में कार्रवाई करने का **सही** क्रम क्या है ?

(1) चेतावनी जारी करना, तैयारी करना, बचाव, राहत, पुनर्वासन
(2) तैयारी करना, चेतावनी जारी करना, बचाव, राहत, पुनर्वासन
(3) तैयारी करना, बचाव, चेतावनी जारी करना, राहत, पुनर्वासन
(4) बचाव, तैयारी करना, चेतावनी जारी करना, राहत, पुनर्वासन

55. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित **नहीं** है ?

(1) पर्सन-इन-सिचुएशन - हॉलिस
(2) समास्या समाधान - हेमिल्टन
(3) सूझ द्वारा सीखने का सिद्धांत - कोहलर
(4) प्रयास एवं त्रुटि द्वारा सीखने का सिद्धांत - एरिक फ्रोम्म

56. निम्नलिखित दिवसों को वर्ष में उनके मनाए जाने के **सही** क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(1) विश्व कैंसर दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस, विश्व रक्तदाता दिवस, अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस
(2) विश्व पर्यावरण दिवस, विश्व कैंसर दिवस, विश्व रक्तदाता दिवस, अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस
(3) विश्व रक्तदाता दिवस, विश्व कैंसर दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस, अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस
(4) अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस, विश्व कैंसर दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस, विश्व रक्तदाता दिवस

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

57. Chronologically arrange the years of enactments of labour legislations given below :

(a) The Minimum Wages Act (b) The Payment of Wages Act
(c) The Trade Unions Act (d) The Payment of Bonus Act

Code :

(1) (b), (c), (a), (d) (2) (c), (b), (a), (d)
(3) (a), (b), (c), (d) (4) (c), (a), (d), (b)

58. Choose the **correct** sequence of the following Central Government Programmes based on the year of their launch in the chronological order :

(a) Atal Pension Yojana
(b) Pradhan Mantri Gramin Awass Yojana
(c) Integrated Child Development Services
(d) Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme
(e) Integrated Rural Development Programme

Code :

(1) (e), (c), (b), (a), (d) (2) (c), (e), (b), (d), (a)
(3) (b), (c), (e), (d), (a) (4) (b), (a), (c), (e), (d)

59. Which among the following pairs is correctly matched ?

(1) Born criminal - Merton
(2) Anomie - Sutherland
(3) Sadomasochism - Sigmund Freud
(4) Differential Association - Lombroso

Prepp Your Personal Exam Guide

60. Choose the correct sequence of the year of enactment of the following Social Legislations in the Chronological order :

(a) Special Marriage Act
(b) Female Infanticide Prevention Act
(c) Widow Remarriage Act
(d) Caste Disabilities Removal Act
(e) Indian Slavery Act

Code :

(1) (e), (d), (c), (b), (a) (2) (a), (b), (d), (e), (c)
(3) (c), (e), (d), (b), (a) (4) (b), (e), (d), (c), (a)

61. Choose the **correct** sequence of the Fundamental Rights as they appear in the Indian Constitution :

(1) Right to Constitutional Remedies, Right to Freedom of Religion, Right to Freedom, Right to Equality
(2) Right to Equality, Right to Freedom, Right to Freedom of Religion, Right to Constitutional Remedies
(3) Right to Freedom of Religion, Right to Freedom, Right to Equality, Right to Constitutional Remedies
(4) Right to Freedom, Right to Equality, Right to Constitutional Remedies, Right to freedom of Religion

Prepp
Your Personal Exams Guide

57. नीचे दिए गए श्रम कानूनों को उनके अधिनियमन के वर्षों के अनुसार **सही** क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(a) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम
(b) मजदूरी भुगतान अधिनियम
(c) मजदूर संघ अधिनियम
(d) बोनस भुगतान अधिनियम

**कूट :**

(1) (b), (c), (a), (d)
(2) (c), (b), (a), (d)
(3) (a), (b), (c), (d)
(4) (c), (a), (d), (b)

58. निम्नलिखित केन्द्रीय सरकार के कार्यक्रमों को उनके आरंभ होने के वर्ष के आधार पर **सही** क्रम में लगाइए :

(a) अटल पेंशन योजना
(b) प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना
(c) समेकित बाल विकास सेवाएं
(d) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना
(e) समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम

**कूट :**

(1) (e), (c), (b), (a), (d)
(2) (c), (e), (b), (d), (a)
(3) (b), (c), (e), (d), (a)
(4) (b), (a), (c), (e), (d)

59. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित है ?

(1) बोर्न क्रिमिनल - मर्टन
(2) एनोमी - सदरलैंड
(3) सेडोमेसोचिस्म - सिगमंड फ्रायड
(4) डिफरनशियल एसोसिएशन - लॉमब्रोसो

60. निम्नलिखित सामाजिक कानूनों को उन्हें अधिनियमित किए जाने के वर्ष के अनुसार **सही** क्रम में रखें :

(a) विशेष विवाह अधिनियम
(b) कन्या भ्रूण हत्या निवारण अधिनियम
(c) विधवा पुनर्विवाह अधिनियम
(d) जाति नि:शक्तताएं निराकरण अधिनियम
(e) भारतीय दासता अधिनियम

**कूट :**

(1) (e), (d), (c), (b), (a)
(2) (a), (b), (d), (e), (c)
(3) (c), (e), (d), (b), (a)
(4) (b), (e), (d), (c), (a)

61. निम्नलिखित मूल अधिकारों को भारतीय संविधान में उनके उल्लेख के **सही** क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(1) संवैधानिक उपचारों का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, समानता का अधिकार
(2) समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(3) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, समानता का अधिकार, संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(4) स्वतंत्रता का अधिकार, समानता का अधिकार, संवैधानिक उपचारों का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

Prepp
Your Personal Exams Guide

62. Match List - I and List - II and choose the **correct** answer from the code given below :

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | The Minimum Wages Act | (i) | 1926 |
| (b) | The Maternity Benefit Act | (ii) | 1951 |
| (c) | The Plantation Labour Act | (iii) | 1948 |
| (d) | The Trade Union Act | (iv) | 1961 |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

63. Match List - I and List - II and choose the **correct** answer from the code given :

| | List - I (Concepts) | | List - II (Characteristic) |
|---|---|---|---|
| (a) | Descriptive Statistics | (i) | Process of generalizations |
| (b) | Inferential Statistics | (ii) | Development of certain indices from the raw data |
| (c) | Skewness | (iii) | Pointing to the nature of distribution of items in middle of series |
| (d) | Kurtosis | (iv) | Showing the manner in which items are clustered around the average |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

64. Which of the following pairs is **wrongly** matched ?

(1) AITUC - Communist Party of India-Marxist

(2) BMS - Bharathiya Janata Party

(3) INTUC - Indian National Congress

(4) UTUC - Revolutionary Socialist Party

Prepp Your Personal Exam Guide

62. **सूची - I** को **सूची - II** के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची - I | | सूची - II |
|---|---|---|---|
| (a) | न्यूनतम मजदूरी अधिनियम | (i) | 1926 |
| (b) | मातृत्व लाभ अधिनियम | (ii) | 1951 |
| (c) | बागान श्रम अधिनियम | (iii) | 1948 |
| (d) | ट्रेड यूनियन अधिनियम | (iv) | 1961 |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

63. **सूची - I** को **सूची - II** के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट की सहायता से **सही** उत्तर दीजिए :

| | सूची - I (अवधारणाएं) | | सूची - II (विशेषताएं) |
|---|---|---|---|
| (a) | विवरणात्मक सांख्यिकी | (i) | सामान्यीकरण की प्रक्रिया |
| (b) | अनुमान सांख्यिकी | (ii) | प्रारंभिक आंकड़ों की सहायता से कतिपय सूचकांकों का विकास |
| (c) | वैषम्य | (iii) | सेवाओं के मध्य मदों के वितरण की प्रकृति इंगित करना |
| (d) | वक्रता मात्रा | (iv) | वह तरीका दर्शाना जिसमें मदें, औसत के आस-पास गुच्छित है |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

64. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित **नहीं** है ?

(1) ए.आई.टी.यू.सी. - कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया-मार्क्सवादी

(2) बी.एम.एस. - भारतीय जनता पार्टी

(3) आई.एन.टी.यू.सी. - इंडियन नेशनल कांग्रेस

(4) यू.टी.यू.सी. - रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी

65. Which one of the following pairs is **not** correctly matched in group formation in community ?

(1) Before group formation - Planner

(2) At the time of group formation - Motivator

(3) Beginning stage of group - Observer

(4) Development stage of group - Facilitator

66. Match List - I and List - II and choose the **correct** answer from the code given :

| | List - I (Committees/Commissions) | | List - II (Chairpersons) |
|---|---|---|---|
| (a) | Royal Commission on Labour | (i) | P.B. Gajendra Gadkar |
| (b) | Labour Investigation Committee | (ii) | J.H. Whitley |
| (c) | First National Commission on Labour | (iii) | Ravindra Verma |
| (d) | Second National Commission on Labour | (iv) | D.V. Rage |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

67. Match List - I and List - II and choose the **correct** answer from the code given :

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Power | (i) | Ability to alter others in general ways |
| (b) | Authority | (ii) | Ability to force others |
| (c) | Influence | (iii) | Ability to do something |
| (d) | Coerse | (iv) | Right to manipulate or change others |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

65. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म समुदाय में समूह गठन की दृष्टि से सुमेलित **नहीं** है ?

(1) समूह गठन से पूर्व - आयोजनकर्ता
(2) समूह गठन के समय - प्रेरक
(3) समूह का प्रारंभिक चरण - प्रेक्षक
(4) समूह का विकास चरण - सुगमकर्ता (फेसिलिटेटर)

66. **सूची - I** को **सूची - II** के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची - I (समिति/आयोग)** | | **सूची - II (अध्यक्ष)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | रॉयल कमीशन ऑन लेबर | (i) | पी.बी. गजेन्द्र गडकर |
| (b) | श्रम जाँच समिति | (ii) | जे.एच. व्हाइटले |
| (c) | प्रथम राष्ट्रीय श्रम आयोग | (iii) | रविन्द्र वर्मा |
| (d) | द्वितीय राष्ट्रीय श्रम आयोग | (iv) | डी.वी. रेज |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

67. **सूची - I** को **सूची - II** के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट की सहायता से **सही** उत्तर दीजिए :

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | शक्ति | (i) | सामान्य तौर तरीकों से अन्यों (दूसरों) को बदलने की क्षमता |
| (b) | प्राधिकार | (ii) | दूसरों को विवश करने की क्षमता |
| (c) | प्रभाव | (iii) | कुछ करने की क्षमता |
| (d) | प्रपीड़ित | (iv) | हेर-फेर करने अथवा दूसरों को बदलने का अधिकार |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

68. Match the following :

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | The Children (pledging of labour) Act | (i) | 1933 |
| (b) | International Covenant on Economic, Social and Cultural Rights | (ii) | 1966 |
| (c) | The Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act | (iii) | 1954 |
| (d) | National Charter for Children | (iv) | 2003 |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

69. Match List - I and List - II and choose the **correct** answer from the code given :

| | List - I (Concepts) | | List - II (Meaning) |
|---|---|---|---|
| (a) | Self-awareness | (i) | Evaluation of self-based on reflection or social comparison |
| (b) | Self-esteem | (ii) | A self-belief to evaluate behaviours and actions categorised out of bond |
| (c) | Self-respect | (iii) | Internally consistent feelings about self-beliefs |
| (d) | Self-confidence | (iv) | Degree of consciousness about thinking, feelings and actions |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

70. Which among the following pairs is **wrongly** matched ?

(1) Pulse Polio Immunization Programme - 1995

(2) National Rural Health Mission - 2005

(3) National AIDS Control Programme - 1987

(4) Expanded Programme of Immunization - 1985

Prepp
Your Personal Exams Guide

68. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| सूची - I | | सूची - II | |
|---|---|---|---|
| (a) | बालक (श्रम गिरवीकरण) अधिनियम | (i) | 1933 |
| (b) | आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक अधिकारों संबंधी अंतर्राष्ट्रीय कोविनंट | (ii) | 1966 |
| (c) | विस्थापित व्यक्ति (मुआवज़ा एवं पुनर्वासन) अधिनियम | (iii) | 1954 |
| (d) | बच्चों संबंधी राष्ट्रीय चार्टर | (iv) | 2003 |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

69. **सूची - I** को **सूची - II** के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची - I (अवधारणायें) | | सूची - II (अर्थ) | |
|---|---|---|---|
| (a) | आत्म-बोध | (i) | चिंतन और सामाजिक तुलना के आधार पर स्वयं का मूल्यांकन |
| (b) | स्वाभिमान | (ii) | अपने समूह से भिन्न व्यवहारों और क्रियाओं का मूल्यांकन करने हेतु स्वयं का विश्वास |
| (c) | आत्म सम्मान | (iii) | स्वयं की मान्यताओं के बारे में आंतरिक रूप से सुसंगत भावनाएं |
| (d) | आत्म विश्वास | (iv) | विचारों, भावनाओं और क्रियाओं के बारे में चेतना का स्तर |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

70. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित **नहीं** है ?

(1) पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम - 1995

(2) राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन - 2005

(3) राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम - 1987

(4) टीकाकरण का विस्तारित कार्यक्रम - 1985

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Instructions :** Read the passage below and answer the questions that follow based on your understanding of the passage (71 - 75).

The quest for distinct higher living styles has led to blind competition which is fuelled by rising consumerism and aspirations. A good number of families are becoming prey to market forces resulting in over spending and indebtedness leading to an excess of family expenditure over income. Consequently, two options are left-either put in extra hours to cover-up the deficit or to learn and apply shortcuts to be in competition. The price rise, allurement for new products, inflation in the market pushes people into vicious circle of financial crisis and family relations becomes the first casualty. Further, peoples' aspirations for higher standard of life are also affecting relations within family. The media has become a tool for changing opinions and advancing market agenda up to an extent that it peeps into the personal space of the family, affecting even sexual relationships between couples. Our society is facing the bigger question of how to save our families from degradation, disintegration and subsequent demise. Recognizing the fact that the change has its own speed, pace and direction, there is an urgent need to explore ways and means to protect families. Since there are multiple, complex and integrated factors responsible for the present situation, the answers should also be different at different levels. At the government level, it should be kept in mind that all policies ultimately affect families. Therefore, all policies should be examined with this perspective also. Since there is no single easy definition of family, policies must accommodate all possible types. Secondly, there is need to initiate and strengthen institutional capabilities where all kinds of agencies including schools, religious organizations and entire civil society sector be involved. In nut shell, we should have family sensitive policies. Law has emerged as a more viable instrument to prevent marital conflict and families have been quite successful so far. Both marriage laws and family laws are performing well but their implementation still has scope for improvement.

71. The new ways and means to protect families should be in consonance with :

(1) The changes in the society

(2) The capacities of the people

(3) The power of government

(4) The services delivered by civil society groups

72. The relations within a family are largely affected by :

(1) Smaller size of the family

(2) Sexual relationship between couples

(3) Rising individualism among family members

(4) Weaker implementation of government policies

Prepp
Your Personal Exams Guide

निर्देश : निम्नलिखित पैरा का अध्ययन कीजिए तथा पैरा के अन्त में प्रस्तुत प्रश्नों का अपनी समझ के आधार पर उत्तर दीजिए (71 - 75)।

विशिष्ट उच्च जीवन शैली की लालसा ने अन्धी प्रतिस्पर्धा को जन्म दिया है जिसे बढ़ते उपभोक्तावाद और आकांक्षाओं से और अधिक बढ़ावा मिल रहा है। अनेक परिवार बाजार की शक्तियों के शिकार बन रहे हैं जिसके फलस्वरूप वे अधिक व्यय कर रहे हैं और ऋणग्रस्त हो रहे हैं जिससे उनके परिवार का व्यय उनकी आय से अधिक हो गया है। इसके परिणामस्वरूप केवल दो विकल्प बचे हैं - या तो घाटे को पूरा करने के लिए अतिरिक्त घंटे कार्य किया जाए या प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए शॉर्टकट्स सीखे जाएं और उन्हें अपनाया जाए। बाजार में मूल्य वृद्धि, नए उत्पादों के लिए प्रलोभन और मुद्रास्फीति से लोग वित्तीय संकट के दुष्चक्र में फंस जाते हैं और इसका सबसे पहला प्रभाव पारिवारिक संबंधों पर पड़ता है। इसके अतिरिक्त, लोगों की उच्च जीवन स्तर की आकांक्षाएं भी परिवार के संबंधों को प्रभावित कर रही है। मीडिया लोगों की राय बदलने और बाजार के एजेंडा को आगे बढ़ाने का इतना सशक्त साधन बन गया है कि उसने परिवार के व्यक्तिगत जीवन में भी झांकना प्रारंभ कर दिया है जिससे युगलों के यौन संबंध भी प्रभावित हो रहे है। हमारे समाज के सामने बड़ा प्रश्न यह है कि अपने परिवारों का अपकर्ष से, टूटने से और उसके बाद समाप्त होने से कैसे बचाया जाय। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि परिवर्तन की अपनी गति, चाल और दिशा होती है, परिवारों को बचाने के तौर-तरीकों को तलाशने की नितान्त आवश्यकता है। चूँकि वर्तमान स्थिति के लिए अनेक, जटिल और समेकित कारक उत्तरदायी हैं, इसलिए विभिन्न स्तरों पर उपाय भी भिन्न-भिन्न होने चाहिए। सरकार के स्तर पर यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि सभी नीतियां अंततः परिवारों को प्रभावित करती हैं। इसलिए, सभी नीतियों की इस परिप्रेक्ष्य में भी जाँच की जानी चाहिए। चूंकि परिवार की कोई एक आसान परिभाषा नहीं है, इसलिए नीतियों में परिवार के सभी संभव प्रकारों को शामिल किया जाना चाहिए। दूसरे, संस्थागत क्षमताओं का निर्माण करने और सुदृढ़ करने की आवश्यकता है जिसमें विद्यालयों, धार्मिक संगठनों सहित सभी प्रकार के अभिकरणों और सम्पूर्ण सिविल सोसायटी (नगर समाज) क्षेत्र को शामिल किया जाना चाहिए। संक्षेप में, हमारे पास परिवार के प्रति संवेदनशील नीतियां होनी चाहिए। कानून वैवाहिक जीवन के टकराव को रोकने के एक अधिक व्यवहार्य साधन के रूप में उभरा है और इसमें परिवार अब तक काफी सफल रहे हैं। विवाह संबंधी कानून और परिवार संबंधी कानून अच्छा काम कर रहे हैं परंतु उनके कार्यान्वयन में अभी भी सुधार की गुंजाइश है।

71. परिवारों को बचाने के नये तौर-तरीके निम्नलिखित में से किसके अनुरूप होने चाहिए?

(1) समाज में परिवर्तन के।

(2) लोगों की क्षमताओं के।

(3) सरकार की शक्ति के।

(4) सिविल सोसायटी (नगर समाज) समूहों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के।

72. परिवार के भीतर संबंध निम्नलिखित में से मुख्यतः किसके द्वारा प्रभावित होते हैं?

(1) परिवार का छोटा आकार।

(2) युगलों के बीच यौन संबंध।

(3) परिवार के सदस्यों के बीच बढ़ता वैयक्तिकतावाद।

(4) सरकारी नीतियों का खराब कार्यान्वयन।

Prepp
Your Personal Exams Guide

73. Which institution is affecting the families most in the present time ?

(1) School and Government
(2) Religious Organisations
(3) Media
(4) Civil society groups

74. The families can be saved from disintegration through :

(1) Reducing speed of change
(2) Moulding direction of change
(3) Preventing institutional crisis
(4) Building family sensitive policies

75. The families are trapped in the vicious circle of financial crisis due to :

(1) Rising consumerism
(2) Rising aspirations
(3) Rising consumerism and aspirations
(4) Quest for higher life styles

- o 0 o -

Prepp
Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

73. वर्तमान समय में कौन-सी संस्था परिवारों को सर्वाधिक प्रभावित कर रही है?

(1) विद्यालय और सरकार
(2) धार्मिक संगठन
(3) मीडिया
(4) सिविल सोसायटी (नगर समाज) समूह

74. निम्नलिखित में से किसके माध्यम से परिवारों को टूटने से बचाया जा सकता है?

(1) परिवर्तन की गति को कम करके।
(2) परिवर्तन की दिशा को मोड़कर।
(3) संस्थागत संकट को रोककर।
(4) परिवार के प्रति संवेदनशील नीतियों का निर्माण करके।

75. निम्नलिखित में से किस कारण से परिवार वित्तीय संकट के दुष्चक्र में फंस जाते हैं?

(1) बढ़ते हुए उपभोक्तावाद के कारण
(2) बढ़ती हुई आकांक्षाओं के कारण
(3) बढ़ते हुए उपभोक्तावाद और आकांक्षाओं के कारण
(4) उच्च जीवन शैली की लालसा के कारण

- o 0 o -

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Space For Rough Work

Prepp Your Personal Exam Guide